# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–05.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य कैबिनेट की बैठक हो रही है। इसमें जेपीएससी अभ्यर्थियों को उम्र सीमा में छूट देने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है। यदि मंजूरी मिलती है, तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हजारों युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सुबह दस बजे देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर राज्य समेत गुमला जिले के छात्रों, में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने इस इसे तनाव मुक्त परीक्षा के लिए एक सार्थक पहल बताया है।

शिक्षकों के अनुसार श्री मोदी के सुझावों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे परीक्षा को बोझ के बजाय उत्सव की तरह देख रहे हैं

अभिभावक भी इस काम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री ने परीक्षा में प्राप्त होने वाले अंक की परिभाषा ही बदल दी है।

*******************

जमशेदपुर के स्कूलों में भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है। छात्रों का मानना है कि प्रधानमंत्री का संबोधन परीक्षा के तनाव में संजीवनी बूटी का काम करेगा और आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

वहीं, शिक्षकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बच्चों के मानसिक मनोबल के लिए जरूरी बताया है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक की खंडपीठ ने देवघर एम्स में सुविधाओं की कमी पर राज्य सरकार और एम्स प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने पिछले एक वर्ष का वार्डवार डेटा 28 फरवरी तक शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल करने का निर्देश दिया है।

*******************

देवघर समाहरणालय में आज उप विकास आयुक्त पियूष सिन्हा ने जनता दरबार लगाकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान ड़ीडीसी ने कई मामलों का ऑन–द–स्पॉट समाधान किया और शेष आवेदनों की भौतिक जांच कर शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

*******************

गिरिडीह पुलिस ने दो नाबालिगों के साथ गैंगरेप करने वाले आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि हरलाडीहा थाना क्षेत्र में 25 जनवरी को जतरा मेला देखने गई दो नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ गैंगरेप हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले का स्पीडी ट्रायल होगा और सभी आरोपियों को सख्त सजा दिलायी जायेगी।

*******************

नगरपालिका चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ के उपायुक्त और उत्पाद सहायक आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। रामगढ़ थाना क्षेत्र के कांकेबार और गोसा समेत कई इलाकों में छापेमारी कर अवैध भट्ठियों को नष्ट किया गया। इस दौरान 500 किलो जावा महुआ और 40 लीटर शराब बरामद हुई। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

*******************